PE **पी ई (फ़िज़िकल एजुकेशन) शारीरिक शिक्षा** एक ऐसा प्रोग्राम है जिसमें छात्र स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती सम्बन्धी विभिन्न योग्यताएं प्राप्त करते हैं। जिमनास्टिक, खेल, नृत्य, अनेक प्रकार के अकेले और समूह में खेले जाने वाले खेल-कूदों के अतिरिक्त इसमें शारीरिक सहन-शक्ति, बल और लचीलेपन को बढ़ावा देने वाली अन्य गतिविधियाँ शामिल होती हैं।

Pro-D **प्रो-डी (प्रोफेशनल डिवेलपमेंट) व्यवसायिक विकास** शिक्षकों को अपने पेशे की कला को विकसित करते रहने का समय है। ये दिन शिक्षकों के शिक्षा मंत्रालय के साथ सामूहिक समझौते का एक अंग हैं। इन दिनों में स्कूल छात्रों के लिए बंद रहता है।

PTC **पी टी सी (पेरेंट टीचर कान्फ्रेंस) माता पिता - अध्यापक** सम्मेलन माता पिता और शिक्षकों को छात्र की प्रगति के बारे में मिलने और बात करने के लिए नियुक्त समय हैं।

SBT **एस बी टी (स्कूल बेस्ड टीम) स्कूल आधारित टीम** शिक्षकों और अन्य पेशेवर लोगों के ऐसे दल हैं जो उन छात्रों के बारे में बात करने के लिए मिलते हैं जिनको कठिनाइयां आ रही हैं। एस बी टी इन छात्रों की सहायता के लिए एक योजना बनानी शुरू कर देती है।

VSB

“Acronymsò

[Hindi]

यह ब्रोशर वैनकूवर स्कूल बोर्ड के सैटलमेंट वर्कर्ज़ (VSB SWIS) द्वारा प्रायोजित किये गए कई ब्रोशरों में एक है। इसकी रचना कुछ ई.एस.एल. (ESL/ELL) शिक्षकों तथा वैनकूवर स्कूल बोर्ड के मल्टीकल्चरल लिएजों वर्कर्ज़ (VSB MCLW) ने की है।

यह ब्रोशर कनाडा और ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत की सरकार `स धन के माध्यम से संभव बनाया गया है।

संक्षिप्तियाँ

स्कूल में इस्तेमाल होने वाली आम संक्षिप्तियों के अर्थ

स्कूलों में विविध प्रकार के कार्यक्रम और सेवाएँ उपलब्ध होती हैं। इन कार्यक्रमों और सेवाओं के बारे में बात करने के लिए, स्कूल कर्मचारी सुविधा के लिए, अक्सर संक्षिप्तियों का उपयोग करेंगे। स्कूलों में आमतौर पर इस्तेमाल की जाने वाली कुछ संक्षिप्तियाँ निम्नलिखित हैं।

AIP — **ए आई पी (एनुअल इन्स्ट्रक्शनल प्लैन) वार्षिक शिक्षा योजना** एक ऐसी योजना है जो ESL/ELL छात्रों की सुनने, बोलने, पढ़ने और लिखने के क्षेत्रों में अंग्रेज़ी सीखने की प्रगति जांचती है।

CIRT — **सी आई आर टी (क्रिटिकल इंसिडेंट रिस्पोंस टीम) गंभीर हादसा प्रतिक्रिया** स्कूल में किसी संकट की स्थिति से निपटने के लिए प्रशिक्षित लोगों का एक समूह है - उदाहरण के लिए, एक छात्र के सहपाठी या शिक्षक की मृत्यु।

DPA — **डी पी ए (डेली फिज़िकल एक्टिविटी) दैनिक शारीरिक गतिविधि प्रोग्राम** के अंतर्गत किंडर-गार्टन से ग्रेड 12 तक के सभी छात्रों को, पी ई (शारीरिक शिक्षा) के अतिरिक्त, किसी प्रकार की दैनिक शारीरिक गतिविधि में भाग लेने की अपेक्षा होती है।

ELC — **ई एल सी (इंग्लिश लैंगवेज/लर्निंग सेंटर) अंग्रेज़ी भाषा/ शिक्षा केंद्र** में ESL शिक्षार्थियों को अतिरिक्त सहायता प्रदान की जाती है।

ESL/ELL — **ई एस एल (इंग्लिश ऐज़ ए सेकंड लैंग्वेज) 'अंग्रेज़ी एक द्वितीय भाषा के रूप में'** यह वाक्यांश उन विद्यार्थियों के लिए इस्तेमाल किया जाता है जिनकी मातृभाषा अंग्रेज़ी नहीं है।

FA — **एफ ए (फाईन आट्र्स) ललित कला** स्कूल का एक ऐसा प्रोग्राम है जिसमें आरेख, चित्रकला, मूर्तिकला, चीनी मिट्टी का शिल्प,कपड़े की चीज़ें बनाने के अतिरिक्त नाटक, समूह गान, बैंड, और नृत्य भी शुमार हो सकते हैं।

FDK — **एफ डी के (फुल डे किंडर-गार्टन)** 5 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए स्कूल का एक प्रोग्राम है।

FI — **एफ आय (फ्रेंच इमर्शन)** एक ऐसा प्रोग्राम है जहां बच्चों को फ्रेंच (फ्रांसीसी) और अंग्रेज़ी दोनों में ज्ञान प्रदान किया जाता है।

FSA — **एफ एस ए (फाउंडेशनल स्किल्ज़ असैसमैंट)** मूल योग्यता मूल्यांकन शिक्षा मंत्रालय की तरफ़ से स्वेच्छा से ली जाने वाली वार्षिक परीक्षाओं की श्रृंखला है।पढ़ने, लिखने और गणित की यह परीक्षा केवल कक्षा 4 और 7 में दी जाती है।

HCE — **एच सी ई (हैल्थ एंड करियर एजुकेशन) स्वास्थ्य और व्यावसायिक शिक्षा** का कार्यक्रम है जो छात्रों को ज्ञान, निपुणता और ऐसे रुझान प्रदान करता है ताकि वे समझ-बूझ कर निर्णय लेने और सुरक्षित और स्वस्थ चीज़ों का चुनाव कर सकने वाले बन सकें।

IEP — **आई ई पी (इन्डिविजुअल एजुकेशनल प्लैन) व्यक्तिगत शिक्षा योजना** उन छात्रों के लिए एक विस्तृत योजना है जिन्हें सीखने में किसी प्रकार की कठिनता आती है। प्रत्येक योजना प्रोग्राम में किये गए परिवर्तनों और / या संशोधनों के अतिरिक्त उपलब्ध सेवाओं का भी वर्णन करती है।

K-7 — **के -7 (किंडर-गार्टन टु ग्रेड 7) किंडर-गार्टन से कक्षा 7** तक की कक्षाएं अधिकांश प्राथमिक स्कूलों में होती हैं. इसमें प्राथमिक कक्षाएं (किंडर-गार्टन से 3) और मध्यवर्ती कक्षाएं (4 से 7) शामिल हैं।

LAC — **एल ए सी (लर्निंग असिस्टेंस सैंटर) शिक्षा सहायता केन्द्रों** में शिक्षक उन छात्रों के साथ काम करते हैं जिन्हें सीखने की कठिनाइयाँ आती हैं। वे ई एस एल छात्रों को भी सहायता दे सकते हैं।

LD — **एल डी (लर्निंग डिसेबल्ड) सीखने में अक्षम** वाक्यांश उन छात्रों के लिए इस्तेमाल किये जाते हैं जिनको सीखने के कुछ पहलुओं में विशेष कठिनाइयाँ आती हैं।